संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
सत्यमेव जयते

RSCB

आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

Regional Science Centre, Bhopal
(A unit of National Council of Science Museums)
Ministry of Culture, Government of India

संदर्भ: आ. वि. के. भो./16035/2025-26/284 (ह)

दिनांक: 11.08.2025

प्रति,

प्राचार्य/ संस्था प्रमुख
विद्यालय, भोपाल

विषय: **द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु** |

महोदया/महोदय,

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल की ओर से हार्दिक शुभकामनायें!

आंचलिक विज्ञान केन्द्र, भोपाल (रा.वि.सं.प. की एक इकाई) को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि मास्टर कंट्रोल सुविधा – ISRO, भोपाल के सहयोग से दिनांक **18 अगस्त 2025 (सोमवार)** को **द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विविध प्रतियोगिताएं, रोचक अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी एवं लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति उनकी रुचि और समझ को प्रोत्साहित करना है।

यह आयोजन **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में **वैज्ञानिक दृष्टिकोण**, **समस्या समाधान कौशल**, **रचनात्मकता** एवं **नवाचार** की भावना को बढ़ावा देगा। साथ ही, यह उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के नवीनतम शोध, तकनीकों और उपलब्धियों से अवगत कराएगा। प्रतिभागियों को यह भी जानने का अवसर मिलेगा कि किस प्रकार **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** उपग्रह प्रक्षेपण, गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरिक्ष आधारित सेवाओं में विश्व के अग्रणी संस्थानों में से एक बन चुका है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थी न केवल विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को अनुभव करेंगे, बल्कि भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर बनाने की दिशा में प्रेरित भी होंगे।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि **कक्षा 5वीं से 12वीं** तक के इच्छुक विद्यार्थियों के नाम सहभागिता हेतु नामित कर, उन्हें अपने विद्यालय के लैटरहेड पर प्राचार्य/संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित शीघ्र हमें प्रेषित करने का कष्ट करें। साथ ही, संलग्न दिशा-निर्देश (Guidelines) पृष्ठ को भी हस्ताक्षर एवं मुहर सहित वापस भेजने का कष्ट करें। विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संलग्न दस्तावेज एवं अनुलग्नक देखें।

आइए, हम सब मिलकर **द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** को न केवल सफल बनाएं, बल्कि इसे विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनाएं। यह पहल हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में **'आत्मनिर्भर भारत'** के लक्ष्य को सुदृढ़ करने में एक महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ सिद्ध होगी।

इस अभियान में सभी विद्यालयों का सक्रिय एवं सार्थक योगदान एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल होगी।

आदर सहित

साकेत कौरव

(साकेत सिंह कौरव)
क्यूरेटर 'ई' एवं परियोजना समन्वयक

बाणगंगा मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल - 462002 | Banganga Road, Shyamla Hills, Bhopal - 462002
(0755) 2661655 | vigyankendrabhopal@gmail.com | https://rscbhopal.gov.in/
www.facebook.com/RSC.Bhopal | https://twitter.com/rscbhopal | www.youtube.com/RegionalScienceCentreBhopal | www.instagram.com/rscbhopal

संस्कृति मंत्रालय
MINISTRY OF CULTURE
सत्यमेव जयते

RSCB

आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् की इकाई)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार

Regional Science Centre, Bhopal
(A unit of National Council of Science Museums)
Ministry of Culture, Government of India

Ref: RSCB./16035/2025-26/2840 (?)

Date: 11.08.2025

To

The Principal / Head of Institution
Bhopal

Sub: Participation of students in various programmes organised on the occasion of the Second National Space Day.

Dear Madam/Sir,

Greetings from Regional Science Centre, Bhopal!

It gives us great pleasure to inform you that the Regional Science Centre, Bhopal (a unit of the National Council of Science Museums) in collaboration with the Master Control Facility – ISRO, Bhopal, will be organising a grand celebration of the **Second National Space Day** on **Monday, 18 August 2025**. On this special occasion, a variety of competitions, an engaging space science exhibition, and popular science lectures will be organised for students, with the aim of fostering their interest in and understanding of space science and technology.

This programme, in line with the objectives of the **National Education Policy 2020**, will promote **scientific temper**, **problem-solving skills**, **creativity**, and **innovation** among students. It will also acquaint them with the latest research, technologies, and achievements in the field of space science. Participants will have the opportunity to learn how the **Indian Space Research Organisation (ISRO)** has emerged as one of the leading organisations in the world in the areas of satellite launches, deep space exploration, and space-based services. Through this celebration, students will not only experience various facets of science but will also be inspired to pursue careers in the space sector in the future.

You are therefore kindly requested to nominate interested students from Classes 5 to 12 for participation and send their names to us at the earliest on your school's letterhead, duly signed and stamped by the Principal/Head of Institution. The enclosed guidelines page must also be signed, stamped, and returned along with the nomination. For detailed information, please refer to the enclosed documents and annexures.

Let us work together to make the **Second National Space Day** not only a grand success but also a powerful medium to raise awareness and interest in space science among students. Such an initiative may serve as a one of the important pillars in strengthening the goal of '**Atmanirbhar Bharat**' in the space sector.

The active and meaningful contribution of all schools to this endeavour will be a commendable and inspiring step.

With regards

साकेत कौरव

(Saket Singh Kaurav)
Curator 'E' & Project Coordinator